1. दिल्ली नगर निगम	80	(जिसमें दो चल टीमें शामिल है)
2. नई दिल्ली नगर पालिका	9	
3. केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना	6	
4. कर्मचारी राज्य बीमा निगम	1	
5. स्वयंसेवी संगठन	1	
	109	

(ख) और (ग) इस समय दिल्ली प्रशासन के पास और अधिक आयुर्वेदिक औषधालय खोलने का प्रस्ताव नहीं है।

देश में कुष्ठ रोगी

2065. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय:** क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) 31 जनवरी, 1992 की स्थिति के अनुसार देश में कुष्ठ रोगियों की कुल संख्या कितनी है; और

(ख) कुष्ठ रोगियों का उपचार करने के लिए सरकार द्वारा क्या उपाय किए जा रहे हैं?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती डी० के० तारादेवी सिद्धार्थ): (क) इस समय हमारे पास कुष्ठ के पंजीकृत रोगियों की संख्या लगभग 18 लाख है।

(ख) भारत सरकार ने वर्ष 2000 ई० तक रोग के संचरण को रोकने के उद्देश्य से राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम शुरू किया है। इस प्रयोजन के लिए 201 स्थानिकमारी वाले क्षेत्रों में रहने वाले सभी कुष्ठ रोगियों को वर्ष 1995 तक चरणवार ढंग से बहु औषध उपचार के लाभ पहुंचाने का प्रस्ताव है।

इस कार्यक्रम की नीति में रोगियों का शीघ्र पता लगाना तथा बहुऔषध उपचार से उनका नियमित उपचार करना शामिल है। जागरूकता बढ़ाने के लिए स्वास्थ्य शिक्षा गतिविधियां तेज कर दी गई हैं।

दिल्ली नगर निगम में हैल्थ विजिटरों की पदोन्नति

2066. **श्री ईश दत्त यादव:**
श्री राम नरेश यादव:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) दिल्ली नगर निगम में ऐसे टी० बी० "हैल्थ विजिटरों की संख्या कितनी है जो बी० आई० एम० एस० हैं तथा 1985 से कितने हैल्थ विजिटरों की पदोन्नति की गई है;

(ख) पदोन्नति से भरे गए पदों तथा पदोन्नति के बिना भरे गए पदों का वर्ष वार ब्यौरा क्या है; तथा उसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार दिसम्बर, 1992 तक दिल्ली नगर निगम क्षेत्र में चिकित्सा सुविधाओं में वृद्धि करने तथा उनमें सुधार लाने के लिए ऐसे सभी हैल्थ विजिटरों की पदोन्नति करने का विचार रखती है जिन्होंने बी० आई० एम० एस० पाठ्यक्रम पूरा कर लिया है तथा इस पद पर कम से कम दस वर्ष की सेवा पूरी कर ली है; और

(घ) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती डी० के० तारा देवी सिद्धार्थ): (क) से (घ) दिल्ली नगर निगम से प्राप्त सूचना के अनुसार दिल्ली नगर निगम में बी० आई० एम० एस० की निर्धारित अर्हता वाले हैल्थ विजिटर का कोई पद मौजूद नहीं है। तथापि, एक टी० बी० हैल्थ विजिटर है जो बी० आई० एम० एस० की अर्हता रखता है। चूंकि टी० बी० हैल्थ विजिटर के पद के लिए न तो कोई पोषक ग्रेड है और न ही इन पदों का किसी उच्च पद के लिए पोषक संवर्ग है, इसलिए इस पद पर अथवा इस पद से पदोन्नति करने का प्रश्न ही नहीं उठता।

दिल्ली प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे आयुर्वेदिक कालेज

2067. **श्री अनन्तराय देव शंकर दवे:** क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) दिल्ली में दिल्ली प्रशासन के अधीन कितने आयुर्वेदिक कालेज चल रहे हैं तथा उनमें कितनी सीटें उपलब्ध हैं;

(ख) क्या यह सच है कि दिल्ली में आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति से चल रहे कालेजों में उपलब्ध सीटों की संख्या यूनानी और होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति से चल रहे कालेजों में उपलब्ध सीटों की संख्या से बहुत कम है; और

(ग) यदि हां, तो आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति को प्रोत्साहन देने संबंधी दिल्ली प्रशासन के स्वीकृत लक्ष्य और इस पद्धति में जनता द्वारा प्रदर्शित रूचि को देखते हुए क्या सरकार दिल्ली में एक और आयुर्वेदिक कालेज खोलने का विचार रखती है और यदि हां, तो कब तक?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती डी० के० तारा देवी सिद्धार्थ): (क) दिल्ली प्रशासन द्वारा केवल एक आयुर्वेदिक कालेज चलाया जा रहा है जिसमें यूनानी की भी शिक्षा दी जाती है। इसका नाम आयुर्वेद और यूनानी तिब्बिया कालेज है। यह दिल्ली प्रशासन के शत प्रतिशत अनुदान से कार्य कर रहा है। इसमें यूनानी और आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धतियों के लिए 31-31 सीटें हैं।

(ख) दिल्ली की विभिन्न कालेजों में यूनानी, आयुर्वेदिक और होमियोपैथिक चिकित्सा पद्धतियों की सीटों की संख्या इस प्रकार है:

	आयुर्वेदिक	यूनानी	होम्योपैथिक
आयुर्वेद और युनानी तिब्बिया कालेज (दिल्ली प्रशासन के अधीन सांविधिक निकाय)	31	31	—
नेहरू होमियोपैथिक मेडिकल कालेज (सरकारी कालेज)	—	—	50
बी० आर० सूर कालेज (प्राइवेट)	—	—	40
हमदर्द तिब्बी कालेज (जामियामिलिया) (प्राईवेट)	—	50	—
कुलः	31	81	50

(ग) दिल्ली प्रशासन का इस समय कोई नया आयुर्वेदिक कालेज खोलने का प्रस्ताव नहीं है।

Autonomous States to Jipmer

2068. SHRI V. NARAYANASAMY: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether Government propose to grant autonomous status to Jawaharlal Institute for Post Medical Education and Research Medical Institute in Pondicharry; and

(b) if so, by when the said proposal is likely to be implemented?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRIMATI D. K. THARA DEVI SIDDHARTHA):
(a) and (b) Yes, Sir. It has been agreed in principle to grant autonomous status to Jawaharlal Institute of Post graduate Medical Education and Research, Pondicherry. Detailed modalities in their behalf are being worked out.

Opening of AIDS Centre

2069. SHRIMATI KAMLA SINHA: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) what is the annual financial assistance received from WHO for AIDS Care Centres in various States in the country;

(b) the State Governments that have failed to open the AIDS Centres so far;

(c) the manner in which the amount of WHO assistance has been utilised by these State Governments; and

(d) what is Government's reaction thereto?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRIMATI D. K THARA DEVI SIDDHARTHA): (a) and (b) The Government has not received any financial assistance from WHO for opening AIDS Care Centres in various states.

(c) and (d) To date, WHO has provided assistance of US $121,1546 to State Governments of Maharashtra, Manipur, Tamil Nadu and West Bengal for carrying out AIDS Control activities